**Demand to take steps for prohibition of multi-digit lottery in the country**

**श्री विजय गोयल** (राजस्थान) : महोदय, हमारी संसद ने लॉटरी जैसी बुराई, जिसके कारण लाखों लोग बरबाद हो रहे थे, को रोकने के लिए एक अंक की लॉटरी पर पूर्ण रूप से पूरे देश में प्रतिबंध लगा दिया और इसमें सभी पार्टियों का पूर्ण योगदान था। इसलिए उस समय एक दूसरा बिल संसद में लाया गया, ताकि बहु-अंकीय लॉटरी पर भी पूर्ण प्रतिबंध लग सके।

किन्हीं कारणों से और लॉटरी माफियाओं के चलते इस पर आज तक कोई निर्णय नहीं हो पाया। लॉटरी आज भी अभिशाप है, चाहे वह बहु-अंकीय हो या फिर ऑनलाइन लॉटरी हो। कुछ लोग लॉटरी को ऐसे पेश करते हैं, मानो लॉटरी के अंदर केवल इनामों में गड़बड़ी हो और यदि उसे ठीक कर दिया जाए, तो यह बरबादी रुक जाएगी। इसलिए लॉटरी प्रोहिबिशन बिल को लॉटरी रेग्युलेशन बिल बना दिया गया। आज 8-10 राज्यों को छोड़कर ज्यादातर राज्यों में लॉटरी पर प्रतिबंध है।

आजादी के बाद अगर किसी सामाजिक बुराई पर रोक लगी है, तो वह लॉटरी ही है। लॉटरी के पक्ष में दो तर्क दिए जाते हैं – एक इससे राज्य सरकारों को आमदनी होती है और दूसरा, इससे रोजगार मिलता है। फिर तो ऐसे कई अनुचित कार्य हैं, जिनसे सरकार आमदनी कर सकती है और रोजगार भी दे सकती है, तो फिर क्या वे अनुचित कार्य भी शुरू किए जाएंगे? लॉटरी केवल गरीब और मध्यम वर्गीय आदमी खेलता है, अमीर आदमी नहीं।

मेरा अनुरोध है कि सभी प्रकार की लॉटरीज पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए।

**Demand to take concrete steps for repair works and to check accidents on NH-86 and NH-76 in Uttar Pradesh**

**श्री विशम्भर प्रसाद निषाद** (उत्तर प्रदेश) : उत्तर प्रदेश के चित्रकूट मंडल धाम जनपद बांदा, हमीरपुर, महोबा, चित्रकूट में कबरई से हमीरपुर, कानपुर राष्ट्रीय मार्ग (एन.एच. A1-86) तथा बांदा-चित्रकूट का इलाहाबाद राष्ट्रीय मार्ग (एन.एच.-76) और बांदा-तिन्दवारी फतेहपुर, लालगंज-बछरांवा राष्ट्रीय मार्ग क्षतिग्रस्त होने के कारण तथा निर्माणाधीन पुलों-पुलियों के कारण मार्ग से गुजरने वाले यात्रियों के साथ आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं तथा सड़क पर जाम लग जाने के कारण गुजरने वाले यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। सड़कें ठीक न होने के कारण भयंकर दुर्घटनाएं होती रहती हैं, जिनमें हर वर्ष सैकड़ों लोगों की जानें जा रही हैं।

मैं सदन से मांग करता हूं कि उपरोक्त नेशनल हाईवे में हो रही दुर्घटनाओं को रोकने हेतु केन्द्र सरकार इस संबंध में शीघ्र ठोस कार्रवाई करे, जिससे कि हो रही दुर्घटनाओं को रोका जा सके और लोगों के जान-माल की रक्षा हो सके।

*...(Interruptions)...*

**Demand for making a scheme or law on security of dams in the country**

**श्री प्रभात झा** (मध्य प्रदेश) : महोदय, देश में विभिन्न परियोजनाओं के तहत बनाए गए बांधों के रखरखाव में प्रबंधन व कर्मचारियों की लापरवाही के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं। इन हादसों में जान-माल का भारी नुकसान होता है। हाल ही में हिमाचल प्रदेश में लारजी बिजली घर परियोजना के बांध से लापरवाहीपूर्ण तरीके से पानी छोड़ने के कारण आन्ध्र प्रदेश से छुट्टी मनाने आए कई छात्र पानी में बह गए। इस तरह के हादसे अब आम होते जा रहे हैं और मीडिया में